>

Title: Need to provide safe and clean drinking water in Khagaria Municipal Council area in Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): बिहार राज्य अंतर्गत खगड़िया नगर परिषद की आबादी लगभग 70 हजार है। इससे सटी पंचायत मथुरापुर की आबादी 22 हजार एवं सन्हौली की आबादी 25 हजार है। खगड़िया जिला मुख्यालय है, यहां के पानी में अत्यधिक मात्रा में आयरन एवं आर्सेनिक युक्त रहने के कारण आम लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। खगड़िया शहर में शहरी जलापूर्ति योजना की कोई व्यवस्था नहीं है।

अतः सरकार खगड़िया शहर में शहरी जलापूर्ति योजना से जल आपूर्ति कराने की व्यवस्था करे।